

# 12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

## अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह


भारत सम्मान NEWS — हो जाओ सावधान...

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman





वर्ष-13 अंक-168 — अम्बिकापुर, गुरूवार, 14 दिसम्बर 2023 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# विष्णुदेव साय ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

### अरूण साव और विजय शर्मा ने भी ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

### राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



## शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी सहित दिग्गज नेताओं व कई राज्यों के सीएम हुए शामिल





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आज एक भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता का शपथ लिया। श्री साय के अलावा उपमुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव और विजय शर्मा ने शपथ ग्रहण किया है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिश्वा सरमा, गोवा के मुख्यमंत्री, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय राज्यमंत्री सामाजिक न्याय रामदास आठवाले, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह और पूर्व



सीएम भूपेश बघेल सहित महत्वपूर्ण अतिथि मंच पर मौजूद रहे। गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार की वापसी हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का राजनीतिक सफर भी काफी महत्वपूर्ण है। वे दो बार केन्द्रीय मंत्री तथा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रहे हैं। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले की कवर्धा विधानसभा से भाजपा का प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ा और उन्होंने तत्कालीन मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोह मद अकबर को 40 हजार से अधिक वोटों से हरा कर पहली बार विधायक चुनकर आए हैं। इसी प्रकार उपमुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव ने शपथ ली है। वे बिलासपुर सांसद के रूप में वर्तमान छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष भी हैं।

### ऐतिहासिक भीड़

शपथ ग्रहण समारोह में सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं पड़ोसी राज्यों से भी लोग शामिल हुए। पड़ोसी राज्य झारखंड के कई जिलों से भी लोग इस ऐतिहासिक पल कर साक्षी बने। इसके साथ ही साथ सरगुजा संभाग जहां भारतीय जनता पार्टी ने पूरी 14 की 14 सीटें जीती हैं वहां की जनता भी उपस्थित रही। बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, धमतरी, गरियाबंद और राजधानी रायपुर के लोगों की भीड़ इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बने।

### जय श्रीराम-भारत माता की जय नारे गूंजते रहे

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दूर-दूर से लोग आज सुबह से राजधानी रायपुर पहुंचते रहे। साइंस कालेज मैदान में आयोजित समारोह में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधियों के समर्थक बीच-बीच में भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा बुलंद करते रहे। लोगों में इस दौरान एक अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। लोग यहां बेसब्री से शपथ ग्रहण का इंतजार कर रहे थे। मंच में जैसे ही पीएम श्री मोदी पहुंचे लोगों ने जय श्री राम का नारा लगाना शुरू कर दिया।

### विष्णुदेव साय बने प्रदेश के चौथे सीएम

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए. भाजपा ने रविवार को प्रमुख आदिवासी नेता साय (59) को छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया था. विष्णुदेव साय प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री हैं. पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं. उन्होंने राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग के कुनकुरी विधानसभा सीट से जीत हासिल की. इस क्षेत्र की सभी 14 सीटों पर अब भाजपा का कब्जा है.

### छत्तीसगढ़ को मिले दो डिप्टी सीएम

साय के साथ शपथ लेने वाले उपमुख्यमंत्री अरुण साव (54) प्रभावशाली साहू (तेली) ओबीसी समुदाय से आते हैं तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं. अधिवक्ता से नेता बने साव ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी थानेश्वर साहू को लोरमी सीट से 45,891 वोटों से हराया है. अन्य उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा (50) ब्राह्मण समुदाय से हैं. वह राज्य में भाजपा के महामंत्री हैं. हिंदुत्व के मुखर समर्थक शर्मा ने कवर्धा निर्वाचन क्षेत्र में प्रभावशाली कांग्रेस नेता और निवर्तमान मंत्री मोह मद अकबर को 39,592 वोटों से हराया है.

# विष्णुदेव साय की कैबिनेट का नाम लिफाफे में बंद, जल्द होगा शपथ ग्रहण

### कैबिनेट की पहली बैठक गुरुवार को

मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करते ही केबिनेट की पहली बैठक गुरुवार को हो सकती है। इस बैठक में धान के बोनस से लेकर मोदी की गारंटी व भाजपा के घोषणा-पत्र पर मुख्य सचिव व अन्य अधिकारियों से चर्चा होगी। बैठक में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री गण व मुख्य सचिव प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

### मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया

शपथ ग्रहण समारोह के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को मंत्रालय पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। यहां मुख्यमंत्री के साथ ही उप मुख्यमंत्रियों ने भी पदभार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्रियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण के बाद अब मंत्रिमंडल के गठन की प्रतीक्षा की जा रही है। प्रदेश में अब साय मंत्रिमंडल के भावी मंत्रियों के नाम पर चर्चाएं शुरू हो गई है। राजभवन के सूत्रों के अनुसार, काफी मंथन व सुझावों के बाद प्रधानमंत्री ने मंत्रियों के नाम को हरी झंडी दे दी है। यह सभी नाम लिफाफे में कैद हैं। नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह 16 दिसंबर या इससे पहले हो सकता है, क्योंकि 16 दिसंबर शाम चार बजे से खरमास लग रहा है। मान्यता है कि इस दिन से शुभ काम नहीं होते हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद अब मंत्रियों के नामों को लेकर चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन दिल्ली रवाना हो चुके हैं। वे 16 दिसंबर को लौटेंगे। इसके बाद ही शपथ ग्रहण समारोह होगा।

### मंत्रियों का शपथ ग्रहण अचानक टला

13 दिसंबर को मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के आमंत्रण पत्र में मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण का उल्लेख किया गया था, लेकिन मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण नहीं हो पाया। सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार ने प्रोटोकाल के तहत सभास्थल पर मंत्रियों के लिए गाड़ियां खड़ी करवा दी थी, लेकिन छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल की जो लिस्ट बनाई गई थी, उसे दिल्ली से स्वीकृति नहीं मिली। लिहाजा एक नई लिस्ट तैयार की गई है। सभास्थल पर तीन अलग-अलग मंच बनाएं गए थे। एक मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दो मंचों पर वीवीआइपी की व्यवस्था थी। इन्हीं वीवीआइपी मंचों पर मंत्रियों को बिठाया जाना था।

### मंत्रिमंडल में इन्हें मिल सकती है जगह

भाजपा के मंत्रिमंडल में पांचों संभागों का प्रतिनिधित्व देखा जाएगा, जिसमें रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर व दुर्ग शामिल हैं। संभावित मंत्रियों में बृजमोहन अग्रवाल, ओपी चौधरी, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, रेणुका सिंह, पुन्नूलाल मोहले, अजय चंद्राकर, विक्रम उसेंडी, केदार कश्यप, रामविचार नेताम और धरमलाल कौशिक को जगह मिल सकती है।

## संपादकीय

### भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग

छत्तीसगढ़ में सत्ता बंटवारे के लागू किए गए फॉर्मूले से साफ है कि अपनी हिंदुत्व की परियोजना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग की अपनी रणनीति के जरिए विभिन्न जातियों और समुदायों को समाहित कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में सत्ता साझा करने का जो मॉडल अपनाया है, उसमें विपक्ष और देश के लिबरल खेमे के लिए एक बड़ी सीख छिपी है। सबक यह है कि जातीय-सामुदायिक पहचान की राजनीति के जरिए भाजपा को मात देने की सोच अब बेबुनियाद हो चुकी है। यह सोच इस समझ पर टिकी है कि भाजपा मुख्य रूप से सवर्ण हिंदुओं की पार्टी है, जिसका अनिवार्य रूप से पिछड़ी और दलित जातियों एवं आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों से अंतर्विरोध है। मुमकिन है कि यह अंतर्विरोध इस रूप में वास्तविक हो कि भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति अंततः पारंपरिक सामाजिक वर्चस्व को पुनर्स्थापित करने के मकसद से प्रेरित है। मगर इसका दूसरा पहलू यह है कि अपनी इस परियोजना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग की अपनी रणनीति के जरिए विभिन्न जातियों और समुदायों को समाहित कर लिया है। इसके लिए जहां उन्हें जरूरी महसूस होता है, वे इन जातियों और समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व देते हैं। छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री बनाने के साथ-साथ उन्होंने एक ओबीसी और एक सवर्ण को उप-मुख्यमंत्री और एक सवर्ण को विधानसभा स्पीकर बनाने का फॉर्मूला लागू कर किया है। इस तरह उन्होंने चुनाव जिताऊ समीकरण को प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व दे दिया है। इसका संदेश दूसरे राज्यों तक जाएगा। इस बीच आदिवासी समुदाय में अपनी पैठ और गहरी बनाने के लिए लिहाज से आरएसएस से जुड़े जनजाति सुरक्षा मंच ने उन आदिवासियों को जनजाति सूची से हटाने की मुहिम शुरू की है, जो ईसाई बन गए हैं। इस तरह आदिवासी समुदायों के भीतर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति आगे बढ़ाई जा रही है। अनुमान लगाया जा सकता है कि इसका चुनावी लाभ भाजपा को ही मिलेगा। इस तरह जातीय या सामुदायिक गोलबंदी अब भाजपा का कारगर सियासी औजार बन गई है। यानी उसने ऐसी रणनीतियों के भरोसे बैठे विपक्ष को उसके ही खेल में मात दे दी है। अब अगर यहां से विपक्ष को फिर से खड़ा होना है, तो उसे नई रणनीति सोचनी होगी। फिलहाल, इस कार्य में विपक्ष और लिबरल बुद्धिजीवी अक्षम नजर आते हैं। इसलिए भाजपा बेजोड़ बनी हुई है।

# इंस्टाग्राम पर मिले थे संसद में स्मोक अटैक करने वाले आरोपी, कॉमन फ्रेंड की भूमिका की हो रही जांच



### शहीद ए आजम भगत सिंह सेवा समिति से जुड़े थे आरोपित

गुरुग्राम और दिल्ली पुलिस को विक्की के घर से भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव से जुड़ी हुई किताबें मिली हैं। फोटो भी घर के अंदर लगी थीं। दो लोगों के बैग भी इनके घर से पाए गए। बताया जाता है कि आरोपित अंबाला की शहीद ए आजम भगत सिंह सेवा समिति से जुड़े थे।

**नई दिल्ली।** संसद भवन के अंदर और बाहर कलर स्मोक क्रैकर छोड़ने के साथ ही नारेबाजी और हंगामा करने वाले सभी आरोपित फेसबुक व इंस्टाग्राम के जरिये एक दूसरे से जुड़े थे। महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सभी करीब डेढ़ साल पहले संपर्क में आए थे। इन मुद्दों पर बातचीत करने के लिए एक वाट्सएप ग्रुप भी बनाया था। जिसमें जुड़े कई सदस्य आरोपितों के कामन फ्रेंड हैं, लेकिन संसद के अंदर और बाहर हंगामा करने या कराने की साजिश में सभी के शामिल होने की बात अब तक सामने नहीं आई है। दिल्ली पुलिस समेत सभी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच कर रही है।

सूत्रों की मानें तो अब तक इस मामले में गिरफ्तार आरोपित सागर शर्मा, मनोरंजन, नीलम, अमोल शिंदे, विक्की शर्मा व उसकी पत्नी वृंदा शर्मा और फरार आरोपित ललित झा के ही देश विरोधी गतिविधियां करने और साजिश में शामिल होने की बात सामने आई है। करीब 37 वर्षीय नीलम हरियाणा के जींद में रेड स्क्वायर मार्केट की रहने वाली है। यह बेरोजगार है और सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल होती रही है। 25 वर्षीय अमोल शिंदे महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है। वह भारतीय सेना में शामिल होने के लिए दौड़ लगाता था। कड़ी मेहनत कर रहा था। जब महिला पुलिस ने नीलम को पकड़ा तो उसने महिलाओं पर अत्याचार नहीं चलेगा, तानाशाही बंद करो, तानाशाही नहीं चलेगी, जय भीम, जय भारत, भारत माता की जय, वंदे मातरम और गरीबों को इंसाफ दो आदि नारे लगाए। अमोल भी इसी तरह के नारे लगा रहा था। अमोल के इंस्टाग्राम मित्रों में सागर शर्मा देखा जा रहा है, वह तीन दिन पहले ही दिल्ली आया था। सागर लखनऊ का रहने वाला है और बैटरी रिक्शा चलाता था। पिता बढ़ई का काम करते हैं। उसकी मां ने दावा किया कि दिल्ली में धरना प्रदर्शन में भाग लेने के बहाने वह निकला था। कर्नाटक के मैसूर निवासी मनोरंजन बीटेक का छात्र है। सागर शर्मा और मनोरंजन दोनों मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के नाम से जारी विजिटर पास के जरिये संसद के अंदर दाखिल हुए थे। दोनों को संसद में चल रहे सत्र की कार्यवाही के दौरान दर्शकदीर्घा से कूदकर नारेबाजी करने और कलर स्मोक क्रैकर छोड़ने के दौरान ही सांसदों ने दबोच लिया था। उसके बाद उसकी पिटाई कर सुरक्षा कर्मियों को सौंप दिया गया। उधर, नीलम और अमोल शिंदे ने दोपहर एक बजे जब संसद भवन से कुछ दूर ट्रांसपोर्ट भवन के पास कलर स्मोक क्रैकर छोड़ते हुए नारेबाजी शुरू की तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। उस दौरान मौके पर ललित झा भी था। उसने वीडियो बनाकर तुरंत इंस्टाग्राम पर अपलोड किया और मौके से भागने में सफल हो गया था। ललित झा गुरुग्राम में रहता है, उसकी तलाश की जा रही है। विक्की शर्मा और उसकी पत्नी वृंदा शर्मा को चारों आरोपितों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। चारों पहले गुरुग्राम में विक्की के यहां ही ठहरे थे।





आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 07828866957 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध- सम्पादक- भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क- 07828866957, 09303890212

## सार-समाचार

### बीएसयूपी कालोनी से ई-रिक्सा पार

**रायपुर।** दर्रीपारा तालाब स्थित बीएसयूपी कालोनी से अज्ञात चोर ने ई-रिक्सा वाहन को पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल कुमार साहू 23 वर्ष बीएसयूपी कालोनी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी भाठागांव दर्रीपारा तालाब स्थित बीएसयूपी कालोनी में रहता है और ई-रिक्सा चलाता है। बताया जाता है कि आरोपी ने अपनी ई-रिक्सा वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएफ 8211 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए वाहन की कीमत करीब 3 लाख 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर।** गणपति नगर चंगोराभाठा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्यप्रकाश देवांगन 34 वर्ष गणपति नगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि सत्यप्रकाश अपने परिवार के साथ 9 दिसंबर को कहीं बाहर गया था। जब कल वापस लौटा तो देखा की उसके मकान का ताला टूटा हुआ है और आलमारी मे रखे सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 5 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर।** प्रभात टॉकीज के पास पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकास विग 32 वर्ष प्रभात टॉकीज के पास गंज का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अमन अपने तीन अन्य साथियों के साथ प्रार्थी के पास आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 21 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने मंडी चौक में सरेआम शराब पीते आरोपी लेखराम साहू 40 वर्ष, शत्रुघन साहू 60 वर्ष, देवनाथ वर्मा 30 वर्ष व धनेश्वर यादव 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी अवनी चतुर्वेदी 30 वर्ष, नारायण गायकवाड़ 59 वर्ष, कृष्णा श्रीवास 40 वर्ष, गौरव साहू 33 वर्ष व संजय मंडल 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राहुल मेहतो 28 वर्ष, सोहेल सिंह 23 वर्ष व चेतन साहू 22 वर्ष व दीपक सोनी 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी राधेश्याम प्रजापति 29 वर्ष, जगदीश 31 वर्ष, रामगोपाल चतुर्वेदी 45 वर्ष, लोकेश परिहार 28 वर्ष, विक्रम रंगेल 24 वर्ष, सहदाब खान 27 वर्ष, अब्दुल गनी 52 वर्ष व आनंद सिंह 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने भारतमाता चौक के पास 6 पैकेट अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भारत माता चौक स्थित युनियन बैंक एटीएम के पास एक युवक अफीम बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी जगजीत सिंह 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 6 पैकेट अफीम जब्त किया है। जिसका वजन 65 ग्राम के आसपास है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### स्कार्पियो-पिकअप में भिड़ंत : दो की मौत

**महासमुंद-रायपुर।** खल्लारी थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन और स्कार्पियो में हुई जोरदार भिड़ंत में 2 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 4 लोग घायल हो गए हैं. ।यह घटना एनएच-353 पर ओंकारबंद और एमके बाहरा गांव के मध्य हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युगल साहू 22 वर्ष, गिरीश धीवर 20 वर्ष बनरसी आरंग के रहने वाले थे। बीती रात बागबाहरा के चण्डी मंदिर से दर्शन कर के वापस आ रहे थे। घायलों को महासमुंद के दो निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद मार्ग के दोनों ओर जाम लग गया था।

# खबर का असर: सड़क में तालाब हैं या तालाब में सड़क

**भारत सम्मान/सूरजपुर/यूसुफ मोमिन।** जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्राम पंचायत केवरा फोकट पारा टावर के पास बाईपास सड़क है जो दोनों तरफ़ से डामरीकरण रोड़ में जोड़ती है जब भी बारिश होती है यहाँ तब सड़क तालाब में बदल जाता है और लोगों को इस रास्ते में गुजरने में भी काफी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ता है ज्ञात हों की स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं।
हादसों को दावत देता यह मार्ग सबसे ज्यादा आवागमन होने वाला मार्ग हैं और सबसे ज्यादा लोगों का आवागमन भी इसी सड़क से होता है और ग्राम केवरा में जनप्रतिनिधियों की भी कोई कमी नहीं है जनपद सदस्य है.सरपंच.



सचिव उपसरपंच.वार्ड पंच है सभी जिम्मेदार लोग मौजूद है जो अपनी जिम्मेदारियों से नजरे चुरा रहे हैं जिम्मेदारों को शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार हैं अब देखने वाली बात यह होंगी की क्या पंचायत इस मार्ग को तत्काल आवागमन योग्य बनाती हैं या फिर इसी हाल में छोड़ देती हैं वही ग्रामीणों ने तत्काल सड़क मरम्मत की मांग की हैं। यह खबर भारत सम्मान में प्रकाशित होते ही ग्रामीणों के मांग को देखते हुए ग्राम पंचायत तत्काल हरकत में आयी और तत्काल सड़क गे गढ़े को मुरमिकरण कर जर्जर सड़क का मरम्मत कर आवागमन योग्य बनाया गया लगातार भारत सम्मान जनहित के मुद्दों को उठाता रहा हैं।

### गाँव में शोक की लहर परिवार व उनके चाहने वालों को लगा गहरा सदमा

# ग्राम पंचायत मल्दा (अ) के सीएएफ जवान जीतेन्द्र लहरे का ड्यूटी के दौरान आकस्मिक निधन

**सारंगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के कोसीर उपतहसील के नजदीक गांव में एक बेहद ही सामान्य परिवार में रहने वाले जितेंद्र लहरे का जन्म सन 1987 में ग्राम पंचायत मल्दा (अ) में हुआ था जिनके परिवार में पत्नी और दो बेटी है वही उनके माता पिता बड़ा भाई और बहने है वही बात करें इनके जीवन काल की तो जितेंद्र लहरे गांव में काफी सरल स्वभाव के एक जिन्दादिल इंसान थे हर वर्ग के लोगो से उसका काफी अच्छा संबंध था वही बात करें इनकी शिक्षा की तो वह शिक्षा के क्षेत्र में काफी अग्रणी भूमिका निभा रहे थे और गांव के काफी बच्चों को एक प्राइवेट शिक्षक के रूप में शिक्षा दिए तब सन 2016 में वह सैनिक विभाग में प्रदेश व देश की सेवा करने के लिए छ्त्स्न में अपना भूमिका निभाने के लिए मेहनत किये तब सन 2016 में उनका चयन छ्त्स्न में सैनिक के पद पर हुआ और उन्होंने स्ज्ञस्न में भी सेवा दिए तभी वर्तमान में कांकेर जिले में ड्यूटी के दौरान 11 दिसम्बर 2023 को रात्रि करीब 8 से 8ञ्30 बजे के बीच मे उनके सीने में अचानक दर्द होने लगा और वह जमीन पर गिर गया तब आनन फानन में उनके सहयोगी सैनिकों ने उनको तुरंत





पास के हॉस्पिटल में इलाज के लिए लेकर गए जहाँ उनको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया महज 36 वर्ष के उम्र में उन्होंने पूरा अपना हँसता खेलता परिवार को छोड़कर चला गया ततपश्चात उनके पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जहाँ से उनके गृह ग्राम मल्दा (अ) के लिए भेजा गया जहाँ गांव में उनके एक झलक पाने के लिए पूरा गांव उनके गृह निवास के पास भीड़ लग गई वही बात करें उनके परिवार की तो उनकी पत्नी की रो रो कर बुरा हाल हो गया है और उनके पिता का एक सहारा छीन जाने से उसके पिता जी को भी काफी गहरा सदमा लगा वही उसके बड़े एवं पूरा परिवार रो रो बुरा हाल हो गए हैं गांव में पूरी तरह से शोक की लहर दौड़ गई है और उनके चाहने वालों में काफी गहरा दुःख देखी गई बात करें जितेंद्र लहरे के अंतिम संस्कार की तो जितेंद्र लहरे अमर रहे के नारों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया और उनके शहादत को सलाम करते हुए अंतिम विदाई दी गई।



### पाइप लाइन लीकेज से गलियों में कीचड़ आवागमन में हो रही असुविधा

**बसना।** भवरपुर मे मेन रोड में पेयजल पाइपलाइन लीकेज ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इस बारे में ग्रामीणों द्वारा पंचायत एवं विभाग के आलाधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से नगर पंचायत भवरपुर के मेन गली से जिला सहकारी बैंक के पास पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाई गई थी, लेकिन यह पाइपलाइन लीकेज होने के कारण ग्रामीणों के जी का जंजाल बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जब भी पेयजल सप्लाई आती है तो मेन गली में पाइप लीकेज के कारण पानी ऊपर जाता है, जिस कारण बड़ी मात्रा में बनडबरी पानी गली में जमा हो जाता है। सप्लाई जाने के बाद कुछ मात्रा में पानी वापस पाइप लाइन में चला जाता है। ऐसे में गली में गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण एक तरफ तो गली में आने जाने का रास्ता तालाब में तबदील हो जाता है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस बारे में कई बार पंचायत के साथ उक्त विभाग के आलाधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इस कारण ग्रामीणों में विभाग के प्रति गहरा रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि लीकेज पाइप लाइन को ठीक करवाया जाएं, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े।



# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने ली लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित राज्य के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की वीडियो क्रॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक ली। सीईओ श्रीमती कंगाले ने कहा कि मतदान केन्द्र की न्यूनतम दूरी और अधिकतम मतदाता संख्या आदि के मापदण्डों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने एवं मतदान केन्द्रों के भीड़ को कम करने के लिए युक्तियुक्तकरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि नवीन मतदाताओं के जुड़ने के साथ-साथ मतदान प्रतिशत भी बढ़नी चाहिए। उन्होंने मतदान के दिन आवश्यक परिचय पत्र-आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र आदि को भी साथ में लेकर मतदान केन्द्र जाने के लिए मतदाताओं तक प्रचार-प्रसार करने कहा। बैठक में एसडीएम मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, तहसीलदारगण आयुष तिवारी, नेत्रप्रभा सिदार, रूपाली मेश्राम, कमलेश सिदार, अरपन कुर्रे, कोमल साहू, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, कुंजबिहारी गहरे आदि उपस्थित थे।

# सारंगढ़ वनमंडल में हाथी ने कुचलकर मार डाला युवक को

### वन विभाग का अता-पता नहीं, बिलाईगढ़ के धनसीर में हाथी का युवक पर हमला

**सारंगढ़।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के धनसीर से लगे गांव में जंगली हाथी ने अपने जीजा के घर आया युवक को कुचलकर मार डाला। गोमर्डा अभ्यारण्य से हाथी बिलाईगढ़ की जंगल की ओर निकल गये है किन्तु वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी हाथी के मूवमेंट पर नजर तक नही रख रहे है और ना ही गांवो मे मुनादी करा रहे है। वन विभाग के लापरवाही के चलते युवक असमय काल के गाल मे समा गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विमल कुमार खड़िया पिता नोहर खड़िया गांव त्रिकुटी डीपा चांदन निवासी है। तथा अपने जीजी के ग्राम जोगीड़ीपा आया हुआ था। शाम को अपने घर वापस जाने के दौरान उसका सामना जंगली हाथी से हो गया। सूत्रो की माने तो ग्राम जोगीडिपा में



युवक को हाथी के कुचलने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गया है । इस संबंध मे बताया जा रहा है कि लगभग 6 माह से गोमर्डा अभ्यारण्य मे उड़ीसा से हाथियो का दल आया हुआ है तथा लगातार गोमर्डा अभ्यारण्य मे विचरण कर रहे है। इसी दल के हाथी के द्वारा आज युवक विमल कुमार खड़िया पिता नोहर खड़िया गांव त्रिकुटी डीपा चांदन निवासी को सरसीवां के पास जोगीडीपा गांव के पास पैर से कुचलकर मार डाला गया। इस घटना से वनांचल क्षेत्रवासियो मे दहशत का माहौल बना हुआ है। वन अमला के आला-अधिकारी कर्मचारियों ने पहुंचकर मृतक परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए, उन्होंने कहा कि शासन से मिलने वाली सहायता राशि अतिशीघ्र दिलाने का प्रयास करेंगे। और वहीं साथ वहां के ग्रामीणों को सचेत करते हुए कहा कि हाथी से सतर्कता बरतें।

# छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा आकस्मिक मौतें, 2022 में 16 हजार 893 लोगों की गई जान, 7.9 प्रतिशत बढ़े आत्महत्या के मामले

**रायपुर।** राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2022 की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार देश के 28 राज्यों में आकस्मिक मौतों की सर्वाधिक दर छत्तीसगढ़ में 56.4 प्रतिशत दर्ज की गई है। यहां 16,893 आकस्मिक मौतें हुई हैं। इनमें 248 प्राकृतिक कारणों से और 16,645 अन्य कारणों से हुई है।

वर्ष 2021 में राज्य में 19,265 आकस्मिक मौतें दर्ज की गई थीं, जिनमें 244 प्राकृतिक कारणों से और 19,012 मौतें अन्य कारणों से हुईं थी। वर्ष 2022 में इसमें 12.3 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि दूसरे नंबर पर हरियाणा है, जहां आकस्मिक मौतों की दर 53.5 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र में 53.0 प्रतिशत है। आकस्मिक मृत्यु की राष्ट्रीय दर एक लाख आबादी पर 31.2 प्रतिशत बताई गई है।




## पिछले साल के मुकाबले 7.9 प्रतिशत बढ़े आत्महत्या के मामले

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में 28 राज्यों में से सिक्किम में 43.1 प्रतिशत और केरल में 28.5 प्रतिशत के बाद छत्तीसगढ़ में आत्महत्या की दर 28.2 प्रतिशत थी। केंद्र शासित प्रदेशों में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 42.8 प्रतिशत, पुडुचेरी में 29.7 प्रतिशत आत्महत्या की दर छत्तीसगढ़ से अधिक दर्ज की गई। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2022 में 8,446 आत्महत्या के मामले सामने आए जो कि वर्ष 2021 में दर्ज संख्या 7,828 से 7.9 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2022 के दौरान आत्महत्या की राष्ट्रीय दर प्रति एक लाख जनसंख्या पर आत्महत्या की संख्या 12.4 थी।

## दो श्रेणियों में आकस्मिक मौतों को बांटा

एनसीआरबी की रिपोर्ट में आकस्मिक मौतों को दो श्रेणियों में बांटा गया है। प्राकृतिक कारणों जैसे बिजली गिरने, गर्मी, धूप, बाढ़, भूस्खलन आदि से होने वाली मौतें शामिल हैं। अन्य कारणों से होने वाली मौतों में यातायात दुर्घटनाएं, जानवरों से मौत, नकली शराब का सेवन और फैक्ट्री में होने वाली दुर्घटनाओं को शामिल किया गया है। केंद्र शासित दो प्रदेश लद्दाख और पुडुचेरी में आकस्मिक मौतों की दर क्रमशः 78.7 और 65.7 थी, जो छत्तीसगढ़ से अधिक है। देश में आठ केंद्र शासित प्रदेश हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 36 में से 19 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में आकस्मिक मौतों की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक दर्ज की गई।

## जहरीली शराब के सेवन से छत्तीसगढ़ में 60 मौतें

एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2022 में देश में अन्य कारणों से हुई कुल 4,15,306 आकस्मिक मौतों में से 617 मौतें अवैध व जहरीली शराब के सेवन की 507 घटनाओं में हुईं। जिन राज्यों में ऐसी मौतें हुई हैं उनमें बिहार में 134 मौतें, कर्नाटक में 98 मौतें, पंजाब में 90 मौतें, छत्तीसगढ़ में 60 मौतें, झारखंड 55 मौतें और उत्तर प्रदेश में 50 मौतें शामिल हैं।

# दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित को उम्र कैद की सजा, कोर्ट ने की पीड़िता को क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा




**रायपुर।** शहर से लगे मुजगहन पुलिस थाना क्षेत्र में साढ़े पांच साल पहले एक दिव्यांग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित राकेश साहू उर्फ लालू (23) को कोर्ट ने आजीवन कारावास (उम्र कैद) के साथ ही दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक यास्मीन बेगम ने बताया कि 14 जून, 2018 की रात नौ बजे मुजगहन थाना क्षेत्र में दिव्यांग किशोरी घर से खाना खाकर बाहर खेलने गई थी। इसी दौरान आरोपित युवक राकेश साहू उर्फ लालू ने उसे अकेली पाकर बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब दिव्यांग किशोरी घर नहीं लौटी, तब स्वजन उसे तलाशते हुए घटनास्थल के पास पहुंचे तो बालिका ने रोते हुए अपने साथ हुए दुष्कर्म की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित लोगों ने आरोपित की पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय (पाक्सो) राकेश कुमार सोम की कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया। न्यायाधीश राकेश कुमार सोम ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस की ओर से पेश किए गए ठोस सुबूत और गवाहों के बयान के आधार पर दोष सिद्ध ठहराते हुए आरोपित राकेश साहू उर्फ लालू को आजीवन कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। अर्धदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपित को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## पीड़िता को पांच लाख क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा

न्यायाधीश ने राकेश कुमार सोम ने अपने फैसले में दुष्कर्म पीड़िता को पांच लाख रुपये क्षतिपूर्ति दिलाने की अनुशंसा की है। उन्होंने सवा लाख रुपये पीड़िता को नकद और शेष 3.75 लाख रुपये तीन साल की सावधि बैंक खाते में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

# डा. चरणदास महंत हो सकते हैं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष, दिल्ली में होगी घोषणा




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक में नेता प्रतिपक्ष के नाम पर लगभग सहमति बन चुकी है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष हो सकते हैं। विधानसभा चुनाव में हार के बाद बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कोषाध्यक्ष अजय माकन और प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कांग्रेस के विधायकों के साथ विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य नेता मौजूद थे।

नेता-प्रतिपक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष चुनने के लिए बैठक में विधायकों से रायशुमारी की गई। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। मीडिया से चर्चा के दौरान माकन ने कहा विधायक दल के सभी नेताओं ने एक साथ यह सहमति जताई कि हाईकमान का निर्णय स्वीकार होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे नेता प्रतिपक्ष का निर्णय लेंगे। हमने सभी विधायक से अलग से एक-एक करके बात की है। पूरी रिपोर्ट हाइकमान को भेजी जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक बैठक में नेता प्रतिपक्ष के लिए डा. चरणदास महंत के नाम पर सभी ने एक स्वर में सहमति जताई है। नेता प्रतिपक्ष के अलावा उपनेता प्रतिपक्ष के लिए आदिवासी चेहरे को सामने लाया जा सकता है। विधायक दल की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव समेत रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, शिव डहरिया, जय सिंह अग्रवाल, अनिला भेंड़िया आदि नेता शामिल हुए।

# सोने और चांदी की कीमतों आई कमी, सोना 2,150 रुपये हुआ सस्ता, चांदी में 5,000 की गिरावट



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार के प्रभाव से सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त गिरावट आई है। दिसंबर के पहले ही दिन सोना अब तक सबसे उच्चतम स्तर 65,350 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया था। दस दिनों बाद रायपुर सराफा बाजार में सोना 2,150 रुपये सस्ता होकर 63,200 रुपये प्रति दस ग्राम (स्टैंडर्ड) रहा। इसी प्रकार चांदी भी पांच हजार रुपये लुढ़ककर 73,000 रुपये प्रति किलो हो गई है। सराफा विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों कीमती धातुओं में आने वाले दिनों में भी ऐसा ही रुख देखने को मिलेगा।

## संस्थानों में बढ़ी ग्राहकी

सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट आते ही सराफा संस्थानों में ग्राहकी बढ़ने लगी है। कारोबारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को कीमतों में गिरावट का इंतजार था। सराफा संस्थानों में गहनों के पारंपरिक कलेक्शन के साथ ही नए फैशनेबल गहने भी उपलब्ध हैं।

## गोल्ड लोन की बढ़ी मांग

इन दिनों गोल्ड लोन की मांग भी काफी बढ़ गई है। बैंकों के साथ ही गोल्ड लोन देने वाले संस्थानों द्वारा आकर्षक आफर दिया जा रहा है। इस वर्ष बीते 11 महीनों में प्रदेश में लगभग 300 करोड़ का गोल्ड लोन बांटा जा चुका है।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547